हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, बुधवार, 3 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 10.5 डिग्री
न्यूनतम 7.2 डिग्री

10 घर के बाहर खड़ी गाड़यों के शीशे तोड़े, सीसीटीवी ...



11 एमडीयू ने शिमला यूनिवर्सिटी को 43 रन से ...



## नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ देशभर में कर रहे थे हड़ताल, केंद्र से बातचीत के बाद निर्णय टाला

# ट्रक चालकों की स्ट्राइक का दूसरा दिन, शाम तक पंपों पर वाहनों की कतार, देर रात हड़ताल खत्म

**आज से फिर सड़कों पर दिखाई देंगे ट्रक**

- हड़ताल पर पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने जताई चिंता
- मंगलवार को पेट्रोल पंपों पर तीन गुणा सेल बढ़ी
- रेवाड़ी ट्रमिनल और पानीपत रिफाइनरी से आता है पेट्रोल और डीजल

विजय अहलावत ▶▶| रोहतक

हिट एंड रन कानून के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को प्रदेश में पंपों पर पेट्रोल व डीजल खत्म होने की सूचनाओं से रोहतक भी अछूता नहीं रहा। शाम होते होते पंपों पर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई। केंद्र सरकार से बातचीत के बाद ट्रांसपोर्ट संगठनों ने हड़ताल वापसी की घोषणा कर दी। केंद्र ने भी हिट एंड रन कानून को अभी लागू नहीं करने का आश्वासन दिया।

वहीं, देशभर चल रही ट्रक चालकों की हड़ताल का असर रोहतक में भी देखने को मिल रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई पंप बिना तेल के बंद हो गए हैं। केवल कुछ पंपों पर दो दिन का ही पेट्रोल और डीजल बचा हुआ है। रिफाइनरी से तेल आना बंद हो चुका है, जो पंप पर स्टोर किया गया है, उसे ही बेचा जा रहा है। अगर हड़ताल दो दिन और जारी रही तो शहर में वाहनों का चक्का जाम हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल पंप मालिकों सहित वाहन मालिक भी हड़ताल को लेकर चिंतित हैं। वहीं गाड़ियां नहीं चलने से खाने पीने और दैनिक प्रयोग के सामान की भी कमी हो सकती है और इसका भाव बढ़ सकता है। तेल की किल्लत होने के चलते पंपों की सेल भी तीन गुणा हो गई है। इसके अलावा गैस सिलेंडर की किल्लत भी हो चुकी है। दरअसल, रोहतक में 151 पेट्रोल पंप हैं। जहां पानीपत रिफाइनरी और रेवाड़ी से तेल की सप्लाई टैंकर में आती है, लेकिन कैंटर वाहन चालक दोनों ही जगह से तेल नहीं भरवा रहे। इसकी वजह से तीन दिनों से पंपों पर तेल नहीं पहुंच पा रहा और पंपों पर तेल की भारी कमी होने लगी है। सिर्फ उसी के सहारे पंप चल रहे हैं।





### पेट्रोल-डीजल की सप्लाई नहीं हो पा रही



ट्रक और टैंकर चालकों की हड़ताल चल रही है। वे गाड़ी नहीं चला रहे हैं। इसकी वजह से पेट्रोल और डीजल की सप्लाई नहीं हो पा रही। रोहतक में दो दिन का ही तेल बचा हुआ है। कई पंपों पर तेल खत्म होने के कगार पर है। अगर हड़ताल खत्म नहीं हुई तो भयंकर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। आमजन से संयम बरतने की अपील की जा रही है।

-**पुनीत कौशिक**, प्रधान, रोहतक पेट्रोल पंप एसोसिशन

### हड़ताल का पता लगते ही पंप की तरफ भागे

हड़ताल का पता लगने के बाद लोग पेट्रोल पंप पर पहुंचने लगे हैं। लोग अभी से दुपहिया वाहन और कारों की टंकी फूल करवा रहे हैं। इससे और ज्यादा तेल की कमी हो सकती है। ऐसे में चंडीगढ़ जैसे शहरों की तर्ज पर वाहनों को दिए जाने वाले तेल की सीमा तय करनी पड़ सकती है। बुधवार को तेल को लेकर मारामारी देखने को मिल सकती है।

### रोहतक में इतने पंप प्रभावित

जिले में अलग अलग लोकेशन पर कुल 151 पेट्रोल पंप बने हुए हैं। इनमें रिलायंस और नायरा के 8 पंप हैं। एचपीसीएल के 35 पंप हैं। इंडियन ऑयल के सबसे ज्यादा 84 और बीपीसीएल के 24 पंप हैं। इन सभी पंपों पर परेशानी देखने को मिल रही है।



### क्या है नया कानून

भारतीय न्याय संहिता के तहत हिट-एंड-रन मामले के नए प्रावधानों के मुताबिक, अगर कोई आरोपी ड्राइवर सड़क हादसे के बाद अधिकारियों को बिना सूचना दिए बिना दुर्घटना स्थल से भाग जाता है तो उसे 10 साल की जेल की सजा काटनी पड़ेगी। साथ ही साथ 7 लाख तक का जुर्माना भी भुगतना पड़ सकता है। नए कानून को दो श्रेणियों में रखा गया है। पहला लापरवाही से मौत का कारण, अगर कोई आरोपी ड्राइवर मौत का कारण बनता है तो वह गैर इरादतन हत्या नहीं है। उसे अधिकतम पांच साल की जेल की सजा के साथ-साथ जुर्माना भी भरना पड़ सकता है। दूसरा, कोई ड्राइवर लापरवाही या असावधानी से गाड़ी चलाकर किसी की मौत का कारण बनता है और भाग जाता है।

### तेल की सीमा करनी पड़ेगी तय

चंडीगढ़ में दुपहिया वाहनों के लिए दौ सौ रुपये और गाड़ियों के पांच सौ रुपये के तेल की सीमा तय कर दी गई है ताकि कोई परेशानी न हो। इसकी तर्ज पर रोहतक में भी ऐसी व्यवस्था करनी पड़ सकती है।

### दो घंटे तक रहेगा रोडवेज बसों का चक्का जाम

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद व राज्य महासचिव सुमेर सिवाच ने कहा कि सरकार द्वारा 26 दिसंबर को लोकसभा में न्याय सहायता बिल पारित किया गया। यह बिल किसी भी चालक के हित में नहीं है। यह बिल सरकारी बस का चालक हो या फिर प्राइवेट बस का चालक हो या कार का चालक हो, सभी के लिए गलत साबित होगा। उन्होंने कहा अगर चालक अपनी जान बचाने के लिए भागता है तो जुर्माना और सजा के व वह जीतेजी मर जाएगा। इसलिए हरियाणा रोडवेज वर्कर यूनियन इस बिल का विरोध करती है। उन्होंने बताया इसके विरोध में सुबह 11 बजे से लेकर एक बजे तक बसों का चक्का जाम किया जाएगा। कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा जीएम के माध्यम से गृह मंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा।

### सीटू ने हड़ताल का समर्थन किया

**रोहतक।** मजदूर संगठन सीटू ने ट्रक ड्राइवर और अन्य वाहन चालकों की हड़ताल का समर्थन किया है। सीटू जिला प्रधान कमलेश लाहली, कोषाध्यक्ष धर्मवीर हुड्डा और सचिव कामरेड विनोद ने कहा कि नए कानून के चलते हिट एंड रन मामले में दोषी ड्राइवर को 7 लाख जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है। इस मामले में दुर्घटना घटने के बाद ड्राइवर की भूमिका को लेकर भी कानून में संशोधन किए गए हैं। यह संशोधन न केवल सभी ड्राइवर, आम वाहन चलाने वाली जनता और पूरे सड़क परिवहन क्षेत्र के लोग विरोध में हैं। भाजपा को संशोधन पर विचार करते हुए ड्राइवरों की कठिनाइयों को समझते हुए कानून में बदलाव करना चाहिए।

### गैस सिलेंडर की भी किल्लत

रोहतक समेत महम, लाखनमाजरा, कलानौर, सांपला में 35 से ज्यादा गैस एजेंसी हैं। जिनमें दो से तीन दिन से गैस सिलेंडर की सप्लाई बाधित हो रही है। कई एजेंसी में सिलेंडर खत्म हो चुके हैं। कई जगह सिलेंडर ब्लैक में भी बेचे जा रहे हैं। हड़ताल की वजह से सिलेंडर से भरी गाड़ियां नहीं आ रही हैं।

## खबर संक्षेप



### मदविः 8 से 15 तक होंगी परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एमएड और एमएड एमआर स्पेशल तीसरे सेमेस्टर की एमडीयू से संबद्ध सभी महाविद्यालयों की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं तथा एमएड प्रथम सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की केवल यूटीडी की परीक्षाएं 8 से 15 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीएस सिंधु ने बताया कि उपरोक्त परीक्षाओं की डेटशीट विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### एमडीयू में 8 से 25 तक गाइडेंस प्रोग्राम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में संचालित यूथ सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट फॉर ऑल सर्विसेज 8 से 25 जनवरी तक सॉफ्ट स्किल्ज एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम के छठे बैच का आयोजन करेगा। निदेशक युवा कल्याण डा. जगबीर राठी ने बताया कि इस एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम में एडमिशन लेने के इच्छुक एमडीयू के कैंपस स्कूल, यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा संबद्ध महाविद्यालयों के वर्तमान एवं पूर्व विद्यार्थी 8 जनवरी 2024 तक अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए एक्टिविटी सेंटर स्थित यूथ सेंटर कार्यालय में विजिट कर सकते हैं।

### 9 और 16 जनवरी को होगा टीमों का चयन


**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स की पुरुषों एवं महिलाओं की रग्बी की टीम की ट्रायल 9 जनवरी को वुशु की ट्रायल 16 जनवरी को तथा रॉलर स्केटिंग की ट्रायल 16 जनवरी को प्रातः 10 बजे स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर स्थित यूटीडी खेल कार्यालय में आयोजित की जाएगी। कैंपस स्पोर्ट्स कमेटी के सचिव डा. तेजपाल सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स के विद्यार्थी उपरोक्त खेलों में भाग लेने के लिए ट्रायल में तय दिन अनुसार भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए यूटीडी खेल कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

### रागनी सुनने पहुंचे युवक की बाइक चोरी

**महम।** भैणी भैरों गांव निवासी रविंद्र पुत्र सतबीर सिंह ने महम थाने में एक शिकायत दी है। जिसमें उसने बताया कि वह एक जनवरी को भैणी महाराजपुर गांव स्थित चीनी मिल में रागनी कम्पीटिशन सुनने के लिए अपनी काले रंग की सप्लेंडर बाइक पर आया था। रागनी कम्पीटिशन सुनने के बाद जब वह वापस बाइक लेने उस स्थान पर पहुंचा तो वहां पर बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 15 तक करें आवेदन

**रोहतक।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि स्मैम व एनएफएसएम योजना के तहत अनुदान पर कृषि यंत्रों के लिए



2023-24 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम बढ़ाकर आगामी 15 जनवरी कर दी गई है। सरकार द्वारा कृषि मशीनों की खरीद पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान राशि दी जा रही है। इच्छुक किसान 15 जनवरी तक कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठाये। किसान कल्याण विभाग के माध्यम से यह योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

## मलखंभ के खिलाड़ियों का 'खेलो इंडिया गेम्स' के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय खेल परिसर में हरियाणा मलखंभ एसोसिएशन द्वारा मंगलवार को अंडर 18 बॉयज एंड गर्ल्स मलखंब के खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया गेम्स के लिए किया गया। चयन प्रतियोगिता का शुभारंभ एमडीयू के खेल निदेशक प्रोफेसर आरपी गर्ग ने किया। इस अवसर पर हरियाणा मलखंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष श्मेनपाल और कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लड़कों की टीम में जीवन, प्रवीण, सोमवीर, हैप्पी, रक्षित, अंकित, गौरव, तुषार एवं यश और लड़कियों की टीम में नैंसी, मानसी, कृतिका, निशा, पुनिता, सोनम, जानकी यादव और दीक्षा शामिल हैं।





### तीन युवकों को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गाड़ी में सवार तीन युवकों को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से तीन देसी पिस्तौल व दो कारतूस बरामद हुआ है। आरोपियो को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। आरोपी सुमित व आशीष को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। थाना प्रभारी सतीश काद्यान ने बताया कि गद्दी खेडी चौक रोहतक की तरफ से आ रही गाड़ी में सवार युवकों को शक के आधार पर काबू किया गया। पूछताछ पर युवकों की पहचान पवन निवासी गद्दी खेडी, सुमित निवासी नेहरु कॉलोनी व आशीष निवासी गद्दी खेडी के रूप में हुई है। पवन, सुमित के पास से एक-एक देसी पिस्तौल व एक-एक कारतूस और आशीष के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। युवकों के खिलाफ थाना बहुअकबरपुर में केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### अभय गेहार ने नेशनल रोलर स्कैट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गोल्ड जीता




**रोहतक।** पटेल नगर में रहने वाले अभय गेहार ने 27 से 30 दिसंबर तक सूरत में हुई नेशनल रोलर स्कैट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। अभय ने यह मेडल अंडर-14 भारवर्ग के 25 वर्ष आयुवर्ग में प्राप्त किया। अभय गेहार डीएलएफ स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल का छात्र है। अभय के पिता अभिषेक और माता पदमा ने बताया कि अभय को ज्योति शर्मा कोचिंग देती हैं। अभय ने तीन महीने में जिला और राज्यस्तर पर खेलते हुए कई मेडल जीत हैं। अभय ने तीन महीने पहले ही कोचिंग शुरू की थी। अभय रोलर स्कैट बास्केटबॉल का उभरता सितारा है और भविष्य में देश का नाम रोशन करेगा।



### युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है।

थाना प्रभारी सीआईए-2 आजाद नैन ने बताया कि सांपला बस स्टैंड के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान संदीप निवासी दिल्ली हाल गांव हसनगढ़ के रूप में हुई है। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

**तैयारी पूरी** आयुक्त ने दी है बैठक के लिए सहमति, आयुक्त जितेंद्र कुमार का हो चुका तबादला

## नगर निगम हाउस की आखिरी बैठक आज पार्षदों ने नगर निगम को पांच सौ एजेंडे भेजे

- कई पार्षद सवाल उठा रहे हैं कि पहले की मीटिंग में पास हुए एजेंडों पर काम नहीं हुआ, ऐसे में नए एजेंडे क्यों मांगे जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम के मेयर और पार्षदों का कार्यकाल जनवरी माह में समाप्त होने जा रहा है। इससे पहले निगम की हाउस की बैठक बुधवार को विकास भवन में होगी। आयुक्त जितेंद्र कुमार की सहमति से बैठक बुलाई गई है। हालांकि यह आखिरी बैठक भी हो सकती है। सभी पार्षदों की तरफ से भेजे गए पांच सौ एजेंडों पर भी विचार विमर्श होगा।

पार्षदों ने नगर निगम अपने अपने वार्ड से एजेंड़े भेजे हैं। कई पार्षदों ने 25 से 30 एजेंडे बनाकर भेजे हैं। जबकि उनके वार्ड के अधिकतर मामले भी लम्बित पड़े हुए हैं। ऐसे में कई पार्षद सवाल उठा रहे हैं कि पहले की मीटिंग में पास हुए एजेंडों पर काम नहीं हुआ, ऐसे में नए एजेंडे क्यों मांगे जा रहे हैं। इन पर काम करने का भी समय नहीं रहा है। अधिकतर वार्डों में विकास कार्य लम्बित पड़े हुए हैं।




### सहमति से ही हाउस की मीटिंग

आयुक्त से बातचीत हुई है। उनकी सहमति से ही हाउस की मीटिंग करवाई जा रही है। यह निगम की आखिरी हाउस की मीटिंग होगी। जनवरी में ही कार्यकाल समाप्त हो रहा है। बैठक में इसमें पार्षदों की तरफ से भेजे गए एजेंडों पर विचार विमर्श होगा।

-**मनमोहन गोयल**, मेयर रोहतक

### सभी पार्षदों से एजेंडे मांगे गए थे

बुधवार को हाउस की मीटिंग होने की सूचना मिली है। इसके लिए सभी पार्षदों से एजेंडे भी मांगे गए थे। पार्षदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है। ऐसे में एजेंडों पर काम कैसे हो पाएगा।

-**अशोक खुराना**, पार्षद प्रतिनिधि

### निगम को एजेंडे भेज दिए गए

निगम को एजेंडे भेज दिए गए हैं। पहले की मीटिंग में जो एजेंडे पास किए गए थे, उन पर आज तक काम नहीं शुरू हो पाया है। ऐसे में और प्रस्ताव भी मांग लिए गए हैं। इन पर काम होगा कि नहीं, यह तो मीटिंग के बाद ही पता चल सकेगा। -**कदम सिंह अहलावत**, पार्षद



### नॉर्थ-ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो में एमडीयू ने जीते पांच मेडल

**रोहतक।** सीएसजेएम यूनिवर्सिटी कानपुर में खेल जा रही नॉर्थ-ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो (महिला) प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हो गई। इसमें महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की सोनिया ने (78 किग्रा) में कांस्य, पूजा ने (52 किग्रा) कांस्य, रितिका ने 78 किलो भार वर्ग में ब्रोंज मेडल, तम्मन्ना ने 77 किलो भार वर्ग में कांस्य, अंकिता ने (57 किग्रा) में गोल्ड मेडल जीता है। ये जानकारी एमडीयू के खेल निदेशक डॉ. आरपी गर्ग ने दी।

## खबर संक्षेप



### ऑटो चालक ने सवारी का पर्स लौटाया

**रोहतक।** सुंदरपुर के आटो चालक बिजेंद्र सिंह ने सवारी का पर्स लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। मंगलवार को बिजेंद्र महर्षि दयानंद विवि के गेट नंबर दो से सवारी लेकर नया बस स्टेंड गया था। इन्होंने सवारी को बस स्टेंड पर छोड़ने के बाद देखा कि आटो में पर्स पड़ा है। यह पर्स लेकर वापस एमडीयू आया। और पर्स एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी के पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत को दिया। बोहत ने पर्स में रखे कागज के आधार पर संपर्क किया तो मालूम हुआ कि मालूम हुआ कि पर्स किसी चमनलाल का है। चमनलाल का चालक बिजेंद्र सिंह का धन्यवाद किया। पर्स में 2090 रुपए और एटीएम कार्ड था।



### एडीसी ने 35 लाभार्थियों को वितरित किए चेक

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त महेश कुमार ने महिला समृद्धि योजना एवं सूक्ष्म ऋण योजना तथा बैंक टाइअप योजना के तहत हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति के 35 लाभार्थियों को 33 लाख रुपये के ऋण के चेक वितरित किए। इन योजनाओं के तहत विभिन्न कार्यों मनियारी, फर्नीचर कार्य, किरयाना दुकान, कपड़ा दुकान, कॉस्मेटिक, ब्यूटी पार्लर व अन्य लाभप्रद कार्यों के लिए ऋण प्रदान किया जाता है।



### नवीन शर्मा को ब्राह्मण सौर्य सम्मान से नवाजा

**रोहतक।** ब्राह्मण समाज द्वारा सोमवार को सामाजिक कार्यक्रम में नवीन शर्मा को ब्राह्मण सौर्य सम्मान से नवाजा गया। यह ब्राह्मण सौर्य सम्मान रोहतक लोस सांसद डॉ. अरविन्द शर्मा व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सांसद नायब सिंह सैनी द्वारा दिया गया। ब्राह्मण समाज से सम्मानित करने वाले डॉ. अशोक दीक्षित और रविंद्र शर्मा ने बताया कि नवीन शर्मा मसूदपुर के हैं ओर छात्र नेता भी रहे हैं।

### नया कानून ड्राइवरों को बर्बाद कर देगा : ढांडा

**रोहतक।** आप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने केंद्र सरकार के हिट एंड कानून पर कहा



कि ये कानून देश के करोड़ों ड्राइवरों के खिलाफ है। ये कानून ड्राइवरों व उन पर निर्भर उनके परिवारों को तबाह कर देगा। इसके दुरुपयोग से भ्रष्टाचार के नए रास्ते खुल जाएंगे।

# घर के बाहर खड़ी दस गाड़ियों के शीशे तोड़े, सीसीटीवी में कैद

## शिवाजी कॉलोनी में वारदात, पुलिस ने मौके पर पहुंच फुटेज कब्जे में ली

**वारदात**

■ करीब दो वर्ष पहले मॉडल टाउन, ओमेक्स सिटी व सेक्टर-2 में हो चुकी है इसी तरह की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

करीब दो वर्ष पहले मॉडल टाउन, ओमेक्स सिटी व सेक्टर-2 में कारों के शीशे तोड़ स्टीरियो चोरी के मामले के बाद शरारती तत्वों ने एक बार फिर दुस्साहस किया है। सोमवार की देर रात शिवाजी कॉलोनी के लोगों को घरों के बाहर व सड़क किनारे खड़ी तीन गाड़ियों के शीशे टूटे मिले। बताया जा रहा है कि शरारती तत्वों ने देर रात इस घटना को अंजाम दिया है। सुबह लोग जब जागकर उठे तो उन्हें इसका पता चला। संदिग्ध युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं। पुलिस ने मौके पर जांच के बाद फुटेज को कब्जे में ले लिया है। पुलिस संदिग्धों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

शिवाजी कॉलोनी के लोगों का कहना है कि सोमवार रात को कुछ शरारती तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया है। उन्होंने बताया कि देर रात में शरारती तत्व पहले भी कई बार कुछ न कुछ उत्पात मचा चुके हैं। लोगों ने बताया कि अभी दो दिन पहले शिवाजी कॉलोनी महावीर पार्क में तोड़फोड़ की थी। वहीं, इस बार तो कई गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए हैं। वहीं, कार मालिकों का कहना है कि उनकी गाड़ी घर के बाहर खड़ी थी, जिसका शीशा शरारती तत्व ने डंडे ओर पत्थर मारकर तोड़ दिए हैं। उनका आरोप है कि युवक रातभर शहर की गलियों में घूमकर ऐसी शरारत करते हैं। उन्होंने बताया कि शीशों के टूटने से कम से कम एक व्यक्ति को बीस हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने मामले की शिकायत थाना शिवाजी कॉलोनी पुलिस को देकर ऐसा करने वालों का पता लगाकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**केस-1:** कार मलिक अमन ने बताया कि उनकी कार रात को रोज घर के बाहर खड़ी होती है। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी के शीशे टूटे हुए थे। उन्होंने बताया कि अंदर से सामान तो कोई गायब नहीं हुआ है। कॉलोनी में 10 से 12 गाड़ियों के शीशे तोड़े गए हैं। दो तीन दिन पहले महावीर पार्क शिवाजी कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई थी। हालांकि कि घर पर लगे सीसीटीवी में सभी फोटो आ गई है।

**केस-2:** कार मलिक अनिल कुमार ने बताया कि उसके घर के बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। इससे काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि शरारती तत्व शिवाजी कॉलोनी में आतंक मचा रहे हैं।

महिलाओं को रात के समय घर पर अकेला नहीं छोड़ सकते। बच्चे शाम के समय घर से बाहर नहीं घूम सकते। वासियों ने पुलिस से मांग की है कि सीसीटीवी की जांच कर शरारती तत्वों को पकड़ा जाए। उनके खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाए।

**केस-3 :** कार मलिक ने बताया कि रात घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों शीशे शरारती तत्वों ने तोड़ दिए हैं। इससे हड़कंप मच गया। घटना से नाराज लोगों ने सुबह इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



### पहले भी तोड़े गईं थी कार की विंडो के शीशे

बता दें कि करीब दो साल पहले मॉडल टाउन, सेक्टर-2 और ओमेक्स सिटी में खड़ी कारों को निशाना बनाया गया था। यहां लगातार दो दिन तक कारों की विंडो तोड़ स्टीरियो चोरी कर लिए गए थे। बोनट उठाकर बैटरियां भी चोरी की गई थी। अब नए मामले ने एक बार फिर पुलिस की सिरदर्दी बढ़ा दी है।

### कार्रवाई न होने से शरारती तत्वों के हौसले बुलंद

कई बार ऐसे मामले आने के बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी न होने की वजह से उनके हौसले बुलंद हैं और लगातार वारदातें हो रही हैं। लोगों का आरोप था कि सोमवार को हुई वारदात के बारे में भी संबंधित थानों की पुलिस को सूचित किया गया, लेकिन पुलिस देर तक नहीं पहुंची। उसके बाद लोगों ने 112 पर फोन किया है।

### शीशे टूटने की मिली थी सूचना

सुबह गाड़ियों के शीशे टूटने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तीन युवकों की फोटो सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों की पहचान करवा ली जाएगी।

-**शिवजी** कॉलानी, रोहतक

# कारोर के मोहित हत्याकांड में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया



■ सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने घटनास्थल को रीक्रिएट किया तथा वारदात बारे अहम जानकारी हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव कारोर में मोहित पर अंधाधुंध फायरिंग कर हत्या की वारदात में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। सीआईए-1 स्टाफ की टीम द्वारा घटनास्थल को रीक्रिएट किया तथा वारदात बारे अहम जानकारी हासिल की गई है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 12 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कारोर में एक युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरु की।

गोली लगने से मृत हुए युवक की पहचान मोहित निवासी कारोर के रूप में हुई। मृतक युवक के पिता अजीत की शिकायत के आधार पर थाना आईएमटी में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अजीत खेती बाड़ी का काम करता है। अजीत के पास दो बेटे हैं। 12 नवंबर को दोपहर करीब 1 बजे मोहित बाइक से खेत में गया हुआ था। अजीत ने मोहित को घर के काम से वापिस घर बुला लिया। मोहित जब खेत से वापस आ रहा था तो वह गांव में कुम्हारो वाली गली के पास पहुंचा तो जतीन, कपिल, पुलकित व अन्य युवक अपने हाथों में हथियार लिए हुए आए। जतिन व उसके साथियों ने पीछे से मोहित पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। मोहित अपनी जान बचाने के लिए गली में भागा तो युवकों ने पीछा कर मोहित पर कई फायर किए। अजित व अनिकेत मोहित को बचाने के लिए भागे तो युवकों ने उन पर भी फायरिंग कर दी। मोहित के गिरने के बाद युवकों ने काफी फायर किए और मौके से फरार हो गए। गोली लगने के कारण मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। 2 जनवरी को आरोपी हारुण निवासी सरस्वती विहार ग़ाज़ियाबाद हाल किराएदार नेहरु विहार दिल्ली व सोनू निवासी मुंझेडी फरीदाबाद को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ़्तार किया गया है। आरोपियों ने मुख्य आरोपी जतिन को हथियार सप्लाई किए थे। आरोपी सोनू ने करीब 100 गोली व हारुण ने 7 अवैध हथियार सप्लाई किए थे। आरोपियों ने वारदात में गिरफ़्तार होकर फरीदाबाद जेल में बंद थे। वारदात में शामिल रहे मुख्य आरोपी जतिन सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सरकार से जनता परेशान, बनेगी कांग्रेस की सरकार : इशपुनियानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी ने कहा कि भाजपा जजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है। प्रदेश 9 साल में बेरोजगारी में नंबर 1 हो गया है। सरकार को युवाओं की चिंता नहीं है। लाखों युवा रोजगार के लिए धक्के खा रहे हैं। हरियाणा के हालात ये हैं कि ग्रुप डी 13 हजार भर्तियां निकली तो उसमे लाखों पढ़े लिखे नौजवानों ने फार्म भरे। युवा रोजगार मांग रहा है और मुख्यमंत्री मनोहर लाल उन्हें सब्जी बेचने की सलाह दे रहे हैं। पढ़े लिखे युवाओं के साथ ऐसा मजाक कभी नहीं हुआ। युवाओं में सरकार के पार्टी भारी नाराजगी है। गुलशन इशपुनियानी ने कहा कि किसान हो या कर्मचारी हर तबका अब कांग्रेस सरकार को याद कर रहा है। सभी ने ठान लिया है कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस को बनाएंगे। गुलशन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का पूरे प्रदेश में जगह जगह स्वागत हो रहा है।

वहीं विस और लोस चुनाव को लेकर गुलशन इशपुनियानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव हों या लोकसभा चुनाव कांग्रेस बहुमत से जीत हासिल करेगी। विधानासभा चुनाव जीतकर कांग्रेस अपने दम पर प्रदेश में सरकार बनाएगी। भाजपा सरकार घमंड में चूर है। यही कारण है कि किसी भी वर्ग की मांगें नहीं मानी जा रही। कर्मचारियों से वायदा तो कर किया जाता है, लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता। जिस तरह भाजपा से जनता परेशान है उससे साफ है कि प्रदेश में अगली सरकार कांग्रेस को होगी।



### सैनी कॉलेज रोहतक ने जीसी तिगांव को 6 विकेट से हराया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार से पुरुष इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हुई। स्पर्धा का शुभारंभ एमडीयू के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी ओजस गर्ग ने किया। ओजस ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी और विजी ट्रॉफी चैंपियन रह चुके हैं। पहले मैच में जीसी तिगांव ने पहले बैटिंग करते हुए 17.5 ओवर में 89 रन बनाए। इसके जवाब में सैनी कॉलेज रोहतक ने 17.2 ओवर में 4 विकेट खोकर मैच 6 विकेट से जीत हासिल की। सैनी कॉलेज रोहतक की तरफ से प्रिंस ने 21 बाल में 26 रन बनाए और सैनी कॉलेज के सचिन ने 4 ओवर में 17 रन देकर 4विकेट लिए। सैनी कॉलेज के विनय ने 28 बालों में 34 रन बनाए और जीसी तिगांव के तुषार ने 4ओवर में 25रन देकर 2 विकेट लिए।

# गांव निंगाना के अमित की हत्या के मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने गांव निंगाना में लड़ाई झगड़े में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत की वारदात आरोपी पिता बेटे को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।

थाना प्रभारी कलानौर निरीक्षक देशराज ने बताया कि गांव निंगाना निवासी अमृत की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि अमृत दो भाई व दो बहन है। अमृत के माता पिता गुजर चुके है। अमृत का



ऋषिपाल के परिवार के साथ काफी समय पहले झगड़ा हुआ था।

30 दिसंबर को इसी बात की रंजिश रखते हुये ऋषिपाल अमृत को किसी बात पर गाली देने लगा। अचानक से ऋषिपाल का बेटा रोहित व ऋषिपाल की पत्नी रेनू अपने घर से लोहे की राड व डंडा लेकर आ गए। ऋषिपाल भी डंडा लेकर आ गया। रोहित ने लोहे की राड से अमृत के भाई अमित पर जान से मारने की नीयत से वार किया। अमित चोट लगने के कारण नीचे गिर गया। अमृत अपने भाई का बचाव करने आया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। अमृत ने शोर मचाया तो उसकी बहन व पत्नी आयी तो ऋषिपाल व उसका परिवार धमकी देते हुये मौके से भाग गये। चोट लगने से घायल हुए अमित को सीएचसी कलानौर दाखिल करवाया गया।



# पंडित नेकीराम शर्मा कॉलेज में एनएसएस इकाई का विशिष्ट शिविर हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशिष्ट शिविर का समापन समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर तिलक राज ने शिरकत की।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा की अध्यक्षता में कार्यक्रम के समापन में डॉ. नवीन डांगी, डॉ. शैली दलाल, डॉ. अनीता मलिक व डॉ. दीपक वत्स की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इसमें 200 स्वयंसेवकों ने शिविर ने भाग लिया था। शिविर के अंतिम दिन प्रोफेसर तिलक राज ने स्वयंसेवकों को उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इसमें बेस्ट वालंटियर के रूप में सचिन, योगेश, रेनू व शिवांगी तथा बेस्ट कैंपर के रूप में ऋतुराज, विशेष, संजना तथा रितु को सम्मानित किया गया। डॉ. शैली दलाल ने शिविर में आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवकों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

# शिवानंद धर्मार्थ अस्पताल में खारे पानी की सप्लाई, मरीज परेशान

■ आधी बीमारियां तो गंदा व खारा पानी पीने से ही पनपती हैं : डॉक्टर लांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

खेड़ी महम गांव स्थित शिवानंद धर्मार्थ औषधालय में जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा खारा पानी सप्लाई किया जा रहा है। जिस वजह से अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों और वहां के स्टाफ को काफी परेशानी हो रही है। यही नहीं दिन में यहां उपचार के लिए आने वाले सैकड़ों मरीज भी खारा पानी पीने को मजबूर हैं। अस्पताल के डॉ. कृष्ण कुमार लांबा ने बताया कि खारा पानी पीने से स्टाफ व मरीजों के बीमार होने का खतरा पैदा हो गया है। खारे पानी में नहाने से खुजली की समस्या हो जाती है। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को बार बार शिकायत करने के बाद भी यहां मरीजों व स्टाफ को साफ व स्वच्छ पानी विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा। डॉक्टर लांबा का कहना है कि आधी बीमारियां तो गंदा व खारा पानी पीने से ही पनपती हैं। अस्पताल में स्वच्छ पानी की आपूर्ति की जानी जरूरी है। शिवानंद धर्मार्थ अस्पताल के सीनियर स्टाफ सदस्य मंगत राम शर्मा ने बताया कि महम कस्बे के फरमाणा चुंगी के पास स्थित बुस्टिंग स्टेशन से शिवानंद धर्मार्थ अस्पताल में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। लेकिन यहां आने वाला पानी तो पीने लायक है और न ही नहाने के योग्य है। यहां पर नहरी पानी की सप्लाई दी जाए, ताकि समस्या का समाधान हो सके। खारे पानी के ट्यूबवैल से यहां सप्लाई दी जाती है, जो पानी किसी भी लिहाज से पीने व नहाने के काबिल नहीं है।

# साइकिलिंग करके जलवायु परिवर्तन के प्रति किया सचेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय कैंप के स्वयंसेवकों को जलवायु परिवर्तन का पाठ पढ़ाने के लिए साइकिल से पहुंचे और पर्यावरण विद दीपक छारा ने सौ किलोमीटर साइकिल चलाकर बच्चों को प्रेरित किया। यह जानकारी देते हुए एनएसएस जिला सयोंजक अनिल ढुल ने दी। उन्होंने बताया कि मॉडल स्कूल बहादुरगढ़ में झज्जर रोहतक महेंद्रगढ़, दादरी से 200 बच्चों का सात दिवसीय रेसिडेंशियल एनएसएस कैंप लगाया गया। कैंप में पर्यावरण विद दीपक छारा का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। दीपक छारा ने बताया कि जलवायु परिवर्तन आज एक बेहद गम्भीर मुद्दा है। उसी का नतीजा है कि



कोई भी मौसम अपने तय समय पर नहीं है। कार्यक्रम में मंच संचालन राकेश वत्स ने किया व एनएसएस झज्जर के जिला संयोजक अनिल ढुल ने मुख्य वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देते हुए स्वयंसेवको की तरफ से आश्वस्त किया कि हम सब पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर प्रयास करेंगे। इस मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर आशा दहिया, बबिता, भरथरी, राकेश वत्स, पवन काजला, नरेंद्र मौजूद रहे।

## मंगलवार को गांव की सुख-समृद्धि व शांति के लिए सामूहिक हवन किया

# नांदल की पंचायत अब डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करवाएगी

■ शहरों की तर्ज पर अब गांव में ट्रैक्टर ट्राली से डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सोमवार को महम खंड के बहलबा की चार पंचायतों ने हवन यज्ञ किया था और उसके बाद कूड़ा एकत्रित करने के लिए गांव में चार ट्रैक्टर ट्रॉलियों की सेवा का शुभारंभ किया था। वहीं मंगलवार को लाखन माजरा खंड के गांव नांदल की ग्राम पंचायत ने भी इसी तरह की शुरूआत की है।

मंगलवार को गांव में सुख शांति एवं समृद्धि के लिए हवन यज्ञ किया गया। उसके बाद एक ट्रैक्टर ट्रॉली को रवाना किया जो गांव में घर घर जाकर कूड़ा उठाने का काम करेगी। शहरों की तर्ज पर अब इस गांव में ट्रैक्टर ट्राली से डोर टू डोर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

ग्राम सचिव संदीप के अनुसार इसकी शुरुआत मंगलवार से गांव में सामूहिक रूप से हवन के साथ कर दी गई है। गीला व सूखा दोनों प्रकार का कचरा ट्राली में डाल कर उचित स्थान पर पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। हवन के साथ हुए मंत्रोच्चारण के बीच गांव की सुख समृद्धि, खुशहाली व शांति की कामना की गई और प्रसाद वितरित किया गया। गांव के सरपंच जयप्रकाश ने इस दिन गांव में नई पहल की है। ग्राम पंचायत के एरिया के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली किराए पर ली है। यह ट्रैक्टर ट्रॉली घर घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का काम करेगी। गांव की गलियों में कूड़ा कर्कट न हो और महिलाओं को कूड़ा डालने के लिए दूर दराज तक न जाना पड़े।






सरपंच जयप्रकाश व सभी पंचों ने गांव को स्वच्छ गांव बनाने का जो बीड़ा उठाया है, उसके लिए गांव के मौजिज लोगों ने उनकी प्रशंसा की है। इस दौरान गांव में व्याप्त पेयजल और अन्य गलियों के निर्माण को लेकर चर्चा की।

पंचायत अधिकारी सुनील कुमार व पटवारी नीरज ने कहा कि पंचायत व प्रशासन मिलकर गांव में विकास कार्य करवाने के लिए प्रयासरत हैं।

### स्वर्ण पदक विजेताओं का गांव ब्राह्मणवास में स्वागत

**रोहतक।** गत दिनों रांची में हुई 31वीं सब जूनियर और 46वीं सीनियर नेशनल थ्रोबाल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता सैम,अश्वनी, संस्कार, मुस्कान और कोच मोनू का गांव ब्राह्मणवास में स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्लॉक सीमित सदस्य नरेश प्रजापत सरपंच कर्मबीर, पंच अनिल सेवाल, पंच राकेश,महेंद्र,सनी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### सांपला में बिजली कर्मचारियों ने लगाया भंडारा

**सांपला।** विद्युत निगम कर्मचारियों ने मंगलवार को कार्यालय के प्रांगण में नव वर्ष के अवसर पर भंडारा लगाया। सुबह हवन यज्ञ किया गया। जिसमें अधिकारी व कर्मचारियों ने आहुति डालकर सुख ,शांति व समृद्धि की प्रार्थना की। उसके बाद भंडारा शुरू किया गया। कर्मचारी नवजीत खत्री ने बताया कि पूरे स्टाफ के सहयोग से हर वर्ष नव वर्ष के पहले मंगलवार को भंडारा लगाया जाता है।



## खबर संक्षेप



### अर्पण संस्था में नववर्ष पर करवाया हवन

**रोहतक।** अर्पण संस्था में नव वर्ष के आगमन पर हवन कराया गया। सभी स्टाफ सदस्यों ने संस्था की तरक्की, सुख शांति और खुशहाली के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। सभी मानसिक दिव्यांग बच्चों ने हवन में शिरकत की। स्कूल इंचार्ज नीलम ने नववर्ष पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### नशीले पदार्थ सहित युवक को किया काबू

**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशीले पदार्थ सहित युवक को काबू किया है। युवक से 4 ग्राम 300 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। युवक की पहचान सुरेश निवासी गांव अजायब हाल जेपी कॉलोनी झुग्गी बस्ती लाइनपार के रुप में हुई।

### घर घर जाकर दिया जा रहा योजनाओं का लाभ

**रोहतक।** आयुष्मान योजना का लाभ देने के लिए भाजपा द्वारा चलाए जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के निर्देश पर घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं से अवगत करवाया जा रहा है। भाजपा कार्यकर्ता भारत गिरधर द्वारा रोहतक में संत नगर और छोटूराम चौक पर लोगों को आयुष्मान योजना के बारे में बताया और मौके पर तुरन्त ही आयुष्मान कार्ड बनाकर दिए गए।

### कल्याणकारी योजनाओं का उठाएं लाभ : नांदल

**सांपला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को कस्बे के संस्कृति मॉडल स्कूल में पहुंची। जहां पर कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि बीजेपी के वरिष्ठ नेता सतीश नांदल ने लोगों से कहा कि वह सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से कस्बे में भी करोड़ों के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। खेल स्टेडियम का निर्माण भी जल्द पूरा कराया जाएगा। इसका पैसा भेज दिया गया है।

### शीतलहर से जन-जीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त, फसलों के लिए लाभदायक है कड़ाके की सर्दी

# बारिश के बाद ही कम होगी ठंड, सप्ताह तक मौसम बदलने की उम्मीद, दिन का पारा 11-12 तक गिरा

- दिन और रात के तापमान में मामूली सा अंतर रह गया

**अमरजीत एस गिल ▸▸ रोहतक**

समूचा प्रदेश बीते एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड की चपेट में है। और फिलहाल हाड कंपकपाने वाली सर्दी से राहत के आसार भी नहीं हैं। मंगलवार को रोहतक का दिन का तापमान 12.8 रिकॉर्ड किया गया। जोकि सामान्य से 6 डिग्री माइनस है। रात का पारा 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन और रात के तापमान में 4.2 डिग्री सेल्सियस का मामूली सा अंतर होने की वजह से मौसम अब बेहरम हो गया है। मंगलवार देर रात तक रोहतक व इसके आसपास के क्षेत्रों में 6- 7 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चल रही थी। जिसकी वजह लोगों को शाम से पहले ही घरों में दूबकने के लिए मजबूर होना पड़ा। उम्मीद है कि 8 जनवरी के बाद राज्य में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। अगर बरसात होती है तो ये रबी के लिए काफी लाभदायक रहेगी। क्योंकि फसलों की पूरी बढ़वार के लिए इस समय बारिश होना जरूरी है। फसलों की सही बढ़वार होगी तो ही पूरा उत्पादन मिलेगा। विक्षोभ के सक्रिय होने से पहले, सूबे के तापमान में आंशिक रूप से बढ़ोतरी होगी। इस वृद्धि से ही मौसम बदलेगा। मौसम बदलने के बाद बूंदाबांदी होने की पूरी उम्मीद है। बूंदाबांदी होने के तीन-चार दिन तक सर्दी का प्रकोप बढ़ेगा। इसके बाद धूप निकलती है तो सर्दी में थोड़ा सुकून मिलेगा। लेकिन इस दौरान कोहरा गिरेगा। लेकिन ये भी तय है कि मध्य जनवरी के बाद मौसम अगर सही रहता है तो सर्दी कम होने लगेगी।

#### गर्म कपड़े पहनें

तेज ठंड के संपर्क में आने पर, आपका शरीर के तापमान तेजी से गिरता है। इससे बीमारी या मृत्यु भी हो सकती है। सर्दी से संबंधित बीमारी में हाइपोथर्मिया होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। ये तब होता है जब शरीर बहुत ठंडा हो जाता है। इससे बचने का सबसे आसान तरीका है कि जब भी आप घर से बाहर निकलें, गर्म कपड़े पहनें। इसके अलावा गर्म पानी का सेवन भी कुछ अंतराल के बाद करना चाहिए। ताकि शरीर में पानी की कमी न होने पाए। गर्ग पानी की भाप लेकर भी सर्दी को दूर किया जा सकता है।



**रोहतक।** ठंड से बचने के लिए अलाव सेंकते लोग।

**निमोनिया :** बीमारी का सबसे पहला लक्षण ठंड लगना हो सकता है। और यदि इसका उपचार न किया जाए तो यह नुकसानदेह भी हो सकता है। यह बैक्टीरिया से होने वाला इन्फेक्शन है। और इसके कारण आपको दूसरी विभिन्न बीमारियां भी हो सकती हैं। कुछ स्थितियों में इसका इलाज केवल चिकित्सक को दिखाने भर से और एंटी बायोटिक लेने से भी काम चल जाता है। लेकिन बीमारी के लक्षणों के आधार पर कभी-कभी मरीज को अधिक देखभाल की जरूरत होती है। जिसके लिए अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत हो सकती है।

**त्वचा बीमारियां :** सर्दी कम करने के लिए व्यक्ति कई बार ज्यादा गर्म पानी से स्नान कर लेता है। लेकिन फायदे होने की बजाय नुकसान ज्यादा होता है। ऐसे में हम जब भी नहाए तो गुनगुने पानी का ही प्रयोग करें। ज्यादा गर्म पानी से नहाने की वजह त्वचा संबंधी बीमारी लग सकती है। ठंड और शुष्क हवाओं के कारण इस मौसम में आमत्तौर पर त्वचा शुष्क हो जाती है। इससे बचने के लिए क्रीम या पट्रोलियम जैली से त्वचा को मॉस्चराइज करना चाहिए। जिससे ड्राई स्किन की परेशानी से बच सकते हैं।

**फ्लू :** सर्दी के मौसम में फ्लू एक सामान्य रूप से होने वाली बीमारी मानी जाती है। इसके लिए बहुत जरूरी है कि अपने हमेशा खाने से पहले हाथ धो लें जिससे हर प्रकार के कीटाणु हमसे दूर रह सकते हैं। इसके साथ ही हमेशा कान ढ़क कर और जुराब पहन कर शरीर को गरम रखने का प्रयास करना चाहिए।

#### पशुओं को लेकर रहें अलर्ट

सूखी ठंड की वजह से लोगों और पशुओं में बीमारियां होने की आशंका है। कृषि मौसम विशेषज्ञों की सलाह है कि पशुओं को बाड़े से एकदम बाहर बिल्कुल भी न निकालें। क्योंकि बाड़े और बाहर के तापमान काफी अंतर होता है। अगर एकदम से पशुबाड़े से बाहर लाया जाएगा तो उसका शरीर तापमान को सह नहीं पाएगा। और उसके बीमार होने की पूरी आशंका रहेगी। बेहद ठंडे मौसम से न केवल पशुधन को नुकसान होने का अंदेशा बना हुआ है, बल्कि लोग भी सर्दी जुकाम समेत ठंड से होने वाली दूसरी बीमारियां से ग्रसित हो रहे हैं। खासकर बच्चे और वरिष्ठ व्यक्तियों को बीमारियां घेर रही हैं।

#### ऐसे करें अपनी सुरक्षा

सर्दी से बचाव तभी हो पाएगा, जब कुछ जरूरी चीजों पर ध्यान देंगे। खुद को स्वस्थ्य रखने के लिए नियमित रूप से स्किन को मॉस्चराइज करें। ठंडा पानी तो किसी भी सूरत में न पीएं। पौष्टिक और ताजा भोजन करें। ठंड से बचने के लिए विटामिन सी का सेवन करें। इससे इम्यूनिटी बढ़ती है। ठंड का असर भी कम होता है। खाने में संतरा, नींबू, मौसमी और आंवला शामिल करें।

#### शीत लहर

राज्य में शीतलहर की घोषणा तब की जाती है, जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो और लगातार दो दिनों तक सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम हो। अत्यंत ठंडा दिन तब माना जाता है, जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम-से-कम 6.5 डिग्री कम होता है। एक्यूवेदर की रिपोर्टों के मुताबिक प्रदेश का न्यूनतम तापमान चार-पांच दिन से 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। इसकी वजह ही अब सर्दी असहनीय बन चुकी है। धूप न निकलने से सर्दी कंपकंपी छूटवा रही है।

## भाविप भगत सिंह ने लगाया भंडारा

- समाज कल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**

भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा द्वारा 2024 के प्रथम दिवस लगभग 1500 लोगों के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन काठमंडी रोहतक पर किया गया। कार्यक्रम में गरिमामयी सान्निध्य रहा महापौर मनमोहन गोयल का व वरिष्ठ डिप्टी मेयर राजकमल सहगल का। दोनों ने स्वयं उपस्थित रह कर भंडारा वितरित किया। मनमोहन गोयल जी ने कहा के नर सेवा ही नारायण सेवा होती है।आज भगत सिंह शाखा द्वारा 2024 की शुरुआत बहुत ही पुण्य कार्य से की गई है,इसके लिए परिषद बधाई की पात्र है। उन्होंने सभी से समाज कल्याण के कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की व परिषद द्वारा किए जा रहे समाज कल्याण के कार्यों की सराहना की। उन्होंने सभी को स्वस्थ रहने का आशीर्वाद दिया व सभी को 2024 की शुभकामनाएं दी। राजकमल सहगल ने भंडारे में आकर व स्वयं अपने हाथों से प्रसाद वितरित कर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा के वर्ष के प्रथम दिवस पर किसी को अपने हाथों से खिलाकर असीम आनंद की अनुभूति होती है,ये महसूस होता है के आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छे कार्य से की है। उन्होंने भगत सिंह शाखा द्वारा समाज कल्याण में अपनी अहम भूमिका निभाने पर शाबासी दी। उन्होंने सभी को निरोगी व समृद्ध जीवन परमात्मा बख्शे ऐसी मनोकामना की।



## एमडीयू ने शिमला यूनिवर्सिटी को 43 रन से हराया

- संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी नागपुर में टी-20 क्रिकेट स्पर्धा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की एम्प्लाइज क्रिकेट टीम ने संत तुकडोजी महाराज यूनिवर्सिटी, नागपुर द्वारा आयोजित 19वें ऑल इंडिया वाइस चांसलर टी-20 क्रिकेट कप में मंगलवार को पांचवें मैच में हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला को 43 रन रन से हराते हुए जीत के रथ को आगे बढ़ाया। एमडीयू के नरेन्द्र शीलक ऑलराउंडर प्रदर्शन के चलते मैन ऑफ द मैच बने तथा दीपक कुमार बेस्ट बॉलर रहे।

नागपुर के सेंट मेरी क्रिकेट मैदान पर आयोजित इस मैच में एमडीयू कप्तान राज ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एमडीयू के बल्लेबाजों ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 2018 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। एमडीयू की तरफ से बल्लेबाज नरेन्द्र शीलक ने 23 गेंदों में 6 छक्कों व 5 चौकों की मदद से 65 रन बनाए। ऋषि सैनी ने 19 गेंदों पर 3 छक्के व 5 चौके लगाते हुए 49 रनों की आतिशी पारी खेली। इसके अलावा गौरव दूरेजा ने 39, दीपक कुमार ने 29 तथा आनंद प्रजापति ने 24 रन बनाए और टीम के स्कोर को 218 तक पहुंचाया।219 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी, शिमला ने भी तेजर्तार शुरूआत की। लेकिन एमडीयू के गेंदबाजों ने समय-समय पर विकेट चटकाते हुए हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी को 20 ओवर में 175 रनों पर ऑलआउट करते हुए यह मैच अपने नाम किया।



#### दीपक और नरेंद्र ने लिए तीन-तीन विकेट

एमडीयू की ओर से गेंदबाज दीपक कुमार तथा नरेन्द्र शीलक ने तीन-तीन विकेट, ऋषि सैनी ने दो विकेट, रामबीर राणा ने एक विकेट प्राप्त किया।

राजेश पंवार ने एक शानदार रन आउट किया। एमडीयू की जीत में कप्तान राज, डा. विपिन सैनी, पंकज नैन, नरेन्द्र शीलक, दीपक कुमार, प्रवीन कुमार, योगेन्द्र सिवाच, ऋषि सैनी, आनंद प्रजापति, रामबीर राणा, गौरव दूरेजा, महिपाल, सुनील कुमार, राजेश शर्मा, राजेश रोहिल्ला तथा डा. सुखबीर हुड्डा का अहम योगदान रहा।

## डीएन सिटी स्कूल में छात्रा को एक्टिवा दी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**

प्रेम नगर स्थित डीएन सिटी उच्च विद्यालय में मंगलवार को दसवीं कक्षा की छात्रा पूर्णिमा को हरियाणा बोर्ड वर्ष 2022-23 में राज्य में चौथे नंबर पर आने पर प्रधानाचार्य द्वारा एक्टिवा उपहार के रूप में दी गई। प्राचार्य द्वारा बच्चों को भविष्य में इसी तरह से अच्छे अंक लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य दयानंद सारण, जितेंद्र सारण, मदन लाल, सुरेंद्र, पायल, मंजू आदि मौजूद रहे।



## विकसित भारत बनाने की शपथ दिलवाई

**रोहतक।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा नगर निगम के वार्ड नंबर 9 में बोहर गांव स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पहुंची। इस यात्रा में मेयर मनमोहन गोयल, भाजपा नेता सतीश नांदल और सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों को सम्मानित किया और भारत सरकार से प्राप्त और हरियाणा सरकार से प्राप्त लाभ मिलने के पश्चात उनके जीवन में हुई तरक्की के बारे में उनके विचार साझा किए। कार्यक्रम में जिला प्रशासन रोहतक द्वारा 16 विभागों के स्टॉल लगाए गए। जिसमें गांव के अनेक व्यक्तियों ने आवेदन किया और भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के बारे में जानकारी ली। कार्यक्रम में मेयर ने सभी को प्रधानमंत्री के आहवान पर वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलवाई। गांव बोहर में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड 9 से पार्षद जय भगवान, सुखवीर शर्मा, सुखवीर चंदौलिया, नरेश खुंडिया, डॉ दिनेश घिलौड़, सतीश ठेकेदार, जगजीत सिंह और ग्रामीण मौजूद रहे।

## डॉ. दयाल बने सीएमओ मेडिकल एसो. के अध्यक्ष



**रोहतक।** मांगों को लेकर 10 साल से अनदेखी सह रहे प्रदेशभर के मेडिकल कालेजों के सीएमओ ने मंगलवार को रोहतक में बैठक की। इसमें सर्वसम्मित से एसोसिएशन का गठन किया गया। सभी ने एकमत से सीएमओ मेडिकल एसोसिएशन बनाई और डॉ. एम के दयाल उर्फ डॉ. केडी को अध्यक्ष चुना गया। वहीं खानपुर मेडिकल कॉलेज से डॉ. प्रवीण कुमार को उपाध्यक्ष, पीजीआईएमएस से डॉ. प्रियंका को महासचिव, डॉ. साकेत को सचिव और कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से डॉ. पियुष को खंचाजी चुना गया। एसोसिएशन के गठन पर शहीद हसन खान मेवात मेडिकल कॉलेज के सीएमओ डॉ. केडी ने बताया कि पूरे प्रदेश के 4 मेडिकल कॉलेजों के सीएमओ ने ऑनलाइन व ऑफलाइन बैठक की। डॉ. केडी ने बताया कि पूरे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में करीब सीएमओ के 40 पद हैं और उनकी एसोसिएशन न होने के चलते वे आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं क्योंकि अभी तक उनके सर्विस रूल ही नहीं बने। डॉ. प्रियंका ने बताया कि वें उच्च अधिकारियों के आगे गुहार लगाकर थक चुके थे, ऐसे में उन्हें यह एसोसिएशन बनानी पड़ी, जिसका जल्द ही रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। उनके कई साथी अभी भी ग्रुप ए की जगह ग्रुप बी में आते हैं, जिससे उनके वेतन में भी नुकसान हो रहा है।

- चार मेडिकल कॉलेज के सीएमओ ने बैठक में हिस्सा लिया

### पांच दिवसीय मुफ्त मेडिटेशन ऑनलाइन शिविर आज से

**रोहतक।** आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति शांत, तनावरहित और आनंदित जीवन के लिए व्याकुल रहता है। ओशोधारा के भागीरथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने ध्यान और सुमिरन के वैज्ञानिक ढंग से 28 प्रोग्राम निर्मित किए हैं जिनको बहुत ही तुच्छ सहयोग राशि के साथ हजारों साधकों ने लाभ उठाया है और आध्यात्म की दिशा में शिखर छुआ है। लेकिन पहला कदम लेने में कई जिज्ञासु संकोच व्यक्त करते हैं। उनके लिए समर्थगुरु ने बुधवार से पांच दिवसीय फ्री मेडिटेशन ऑनलाइन मेडिटेशन जूम के माध्यम से करने की वरिष्ठ आचार्यों को अनुमति दी है।

प्रतिदिन शाम को 7:15 से 8:30 तक अलग-अलग तरह की ध्यान विधियों से दुनिया भर के लोग लाभान्वित होंगे और तनाव रहित और आनंदित जीवन की शैली सीखेंगे। यह जानकारी ओशोधारा प्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन ने दी।

## राजकीय विद्यालय में एनएनएस कैंप शुरू



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के मंगलवार को दूसरे दिन की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र दहिया व स्वयंसेवकों द्वारा दीप प्रज्वलन व एनएसएस गीत से की गई। मुख्य अतिथि व रिसोर्स पर्सन के तौर पर कैप्टन जगबीर मलिक ने बच्चों को बताया कि नशे से युवा पीढ़ी कैसे बर्बाद हो रही है व इससे किस तरीके से बचा जा सकता है। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र दहिया ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र के प्रति समर्पण व राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। किसी भी राष्ट्र के स्वस्थ नागरिक ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं। इसलिए इस मौके पर स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान प्रवक्ता जीतपाल राठी, संगीता नारा, रचना सहित स्वयंसेवक सन्नी, कुणाल, पायल, आरती, रितु, अनीश, हर्ष, महक, साहिल आदि मौजूद रहे।

### कल दिल्ली पहुंचेगी नवीन जयहिंद की धर्मयुद्ध यात्रा

# चौबीसी चबूतरे से एसवाईएल धर्मयुद्ध यात्रा शुरू

- ग्रामीणों ने नवीन को भेंट किया देसी घी, सुप्रीम कोर्ट को देसी घी भेंट करेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महम**

जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने 2 जनवरी को महम चौबीसी के ऐतिहासिक चबूतरे से अपने चार साथियों के साथ एसवाईएल पानी का धर्मयुद्ध यात्रा शुरू की। यात्रा शुरू करने से पहले उन्होंने 1857 की क्रांति के शहीदों की याद में बनाए गए चौबीसी चबूतरे पर शहीदों को नमन किया और दीप प्रज्वलित किया। यह यात्रा दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के सामने तक जायेगी और सुप्रीम कोर्ट को नए साल पर गाय व भैंस का देसी घी गिफ्ट करके आएंगे। यात्रा महम के चबूतरे से शुरू होकर गांव खरकड़ा, मदीना, बहु अकबरपुर, गद्दी खेड़ी होते हुए रोहतक पहुंची। इस यात्रा के माध्यम से वे कोर्ट से अपील करेंगे कि एसवाईएल नहर पर कोर्ट के निर्णय को लागू करवाया जाए। महम व आस -पास गांव के हज़ारों लोग चबूतरे पर जयहिन्द के पास पहुंचे और उन्हें बताया कि महम में पानी की बहुत कमी है और जो मिलता है उससे लोगो मे बीमारियां फैल रही हैं। पंजाब की जनता तो चाहती है कि हरियाणा को पानी मिले लेकिन पंजाब की राजनीतिक पार्टियां व राजनेता नहीं चाहते कि हरियाणा को पानी मिले।

#### केजरीवाल व मान को इनाम देने की घोषणा

जयहिन्द ने घोषणा करते हुए कहा कि हम मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान को 1-1 लाख रुपये का ईनाम देंगे अगर वे यह बयान दे कि एसवाईएल नहर का निर्माण व सुप्रीम कोर्ट का फैसला लागू होगा और उनकी पार्टी के जो छोटे नेता हैं अगर वे कहते है तो उनके लिए 11 हजार का ईनाम है। जयहिंद ने कहा कि एसवाईएल के पानी को लेकर हरियाणा और पंजाब के मुख्यमंत्रियों व कैबिनेट मंत्री की मीटिंग हुई थी। जिसमे भगवंत मान ने साफ इंकार कर दिया कि उनके पास हरियाणा को पानी देने के लिए पानी नही है। जबकि गौर करने योग्य बात यह है कि पंजाब से पाकिस्तान पानी जा रहा है। वह हरियाणा क्यों नही आ रहा? जबकि हरियाणा पंजाब का छोटा भाई कहा जाता है।

### मदवि शिक्षकों को कोर्ट सदस्य मनोनीत किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 9 के प्रावधानों के तहत मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. सर्वदीप कोहली, गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. जितेन्द्र सिंह सिक्का, कामर्स विभाग के प्रोफेसर डॉ. कुलदीप सिंह, गणित विभाग के प्रोफेसर डा. गुलशन लाल तनेजा तथा अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के प्रोफेसर डॉ. रणदीप राणा को यूनिवर्सिटी कोर्ट का सदस्य मनोनीत किया है। बतौर यूनिवर्सिटी कोर्ट सदस्य प्रो. सर्वदीप कोहली की नियुक्ति 31 अक्टूबर 2024 तक, प्रो. जितेन्द्र सिंह सिक्का की नियुक्ति 30 नवंबर 2025 तक रहेगी।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE


निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

चेहरे की सुंदरता बढ़ाएं


मोटापा घटाएं, जोड़ों (घुटनों/डिस्क) दर्द, गंजापन (बालों का झड़ना/सफेद होना) ब्रेस्ट क्रीम (महिला), पुरूष रोग (जोश व टाईम) हर्बल कोर्स मंगवाएं
अभी ऑर्डर करें। घर बैठे मंगवाएं
8529169000
MHC Ayurveda: Rohtak Gate, Bhiwani
आवश्यकता: महिला (घर बैठे काम करें)

